**Regarding issue of waterlogging in underpass and need for construction of phatak over it**

श्री कौशलेन्द्र कुमार **(नालंदा) :** मैडम, मैंने अंडरपास के मामले को पिछली लोक सभा में कई बार उठाया । अंडरपास का मामला पूरे देश का मामला है । उस समय माननीय लोक सभा अध्यक्ष जी ने भी कहा था कि यह देश का मामला है, इसको देखना चाहिए । मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं । इस्लामपुर से नटेसर एक रेलवे लाइन है, जिसमें खुदागंज रेलवे स्टेशन है । हाल ही में मैं वहां गया था, तो अंडरपास में लगभग 6 फीट पानी जमा है । वहां 35 किलोमीटर लंबी सड़क है, जो एनएच सिलाव से मीना बजार होते हुए खुदागंज पहुंचती है । वहां पर काफी दिक्कत होती है ।

मैं सदन के माध्यम से निवेदन करूंगा कि जितने भी अंडरपास बने हैं, उनके ऊपर फाटक का निर्माण कराया जाए, जिससे आम लोगों को आवागमन में सुविधा हो । सोरमपुर है, औंगारी धाम है, एक ही ट्रैक पर हमारे क्षेत्र में कई जगहों पर पानी जमा है । मैं सदन के समक्ष मांग रखता हूं कि जितने भी अंडरपास बने हैं, उन पर फाटक का निर्माण कराया जाए ।